# कानून अपना काम कर रहा, मुझे जांच एजेंसी पर भरोसा

**कोलकाता, 7 मई.** उत्तर 24 परगना के मध्यमग्राम इलाके में 6 और 7 मई की दरम्यानी रात में सुवेन्द्र अधिकारी के निज सचिव की गोली मार कर हत्या कर दी गई थी. इस घटना के बाद कोलकाता के आसपास के इलाकों में भी हिंसा की घटनाएं सामने आई हैं.

- **पीए के ड्राइवर की हालत भी है नाजुक**
- **सभी हमलावर बाइक पर सवार थे**




इस बीच सुवेन्दु अधिकारी ने कहा कि कानून अपना काम कर रहा है और उन्हें जांच एजेंसियों पर पूरा भरोसा है. जानकारी के मुताबिक चंद्रनाथ रथ अपने वाहन से कहीं जा रहे थे, तभी बाइक सवार बदमाशों ने उनका पीछा किया. प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार हमलावरों ने पहले वाहन को घेरने की कोशिश की और फिर अचानक गोलीबारी शुरू कर दी. हमले में चंद्रनाथ रथ की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि वाहन चालक गंभीर रूप से घायल हो गया. उसे इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है. घटना के बाद भाजपा नेता सुवेंदु अधिकारी ने तीखी प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि यह केवल राजनीतिक हमला नहीं बल्कि उनके लिए 'निजी क्षति' भी है. उन्होंने आरोप लगाया कि हत्या पूरी तरह सुनियोजित लगती है और इसके पीछे बड़े नेटवर्क की संभावना से इनकार नहीं किया जा सकता. सुवेंदु अधिकारी ने राज्य की सत्ताधारी पार्टी पर भी अप्रत्यक्ष रूप से निशाना साधा. उन्होंने कहा कि बंगाल में लगातार राजनीतिक हिंसा बढ़ रही है और विपक्षी नेताओं तथा उनके करीबी लोगों को डराने की कोशिश की जा रही है. हालांकि तृणमूल कांग्रेस की ओर से इन आरोपों को राजनीति से प्रेरित बताया गया है.

> पुलिस के मुताबिक घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही है. जांचकर्ताओं को कुछ संदिग्ध वाहन और तकनीकी साक्ष्य भी मिले हैं. पुलिस इस बात की भी जांच कर रही है कि हमला पूरी तरह पेशेवर तरीके से किया गया था या इसके पीछे किसी स्थानीय गैंग का हाथ है. प्रत्यक्षदर्शियों का दावा है कि हमलावर बेहद तेजी से आए और वारदात को अंजाम देकर फरार हो गए. कुछ रिपोर्टों में सीमापार कनेक्शन और संदिग्ध गतिविधियों की भी चर्चा हो रही है, हालांकि पुलिस ने अभी तक आधिकारिक तौर पर इसकी पुष्टि नहीं की है. इस घटना के बाद भाजपा कार्यकर्ताओं में भारी आक्रोश है. कई जगहों पर विरोध प्रदर्शन भी हुए. राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है कि आने वाले दिनों में यह मामला पश्चिम बंगाल की राजनीति में बड़ा मुद्दा बन सकता है. फिलहाल पूरे राज्य की नजर पुलिस जांच और संभावित गिरफ्तारी पर टिकी हुई है.

# कानून नहीं समाज बदलेगा व्यवस्था

## जनसंख्या नियंत्रण पर कानून बना देना पर्याप्त नहीं : भागवत



**मैसूर, 7 मई.** मैसूर में आयोजित कार्यक्रम के दौरान आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत ने कहा कि जनसंख्या नियंत्रण और समान नागरिक संहिता जैसे बड़े विषयों पर केवल कानून बना देना पर्याप्त नहीं है. इन नीतियों को प्रभावी बनाने के लिए समाज की सक्रिय भागीदारी और जागरूकता बेहद जरूरी है. उन्होंने कहा कि यदि जनता सहयोग नहीं करेगी तो किसी भी नीति का अपेक्षित परिणाम सामने नहीं आ पाएगा.

भागवत ने अपने संबोधन में कहा कि भारत जैसे विविधताओं वाले देश में सामाजिक बदलाव ऊपर से थोपा नहीं जा सकता. इसके लिए समाज को भीतर से तैयार करना पड़ता है. उन्होंने कहा कि कानून व्यवस्था दिशा दिखा सकती है, लेकिन असली परिवर्तन जनता की मानसिकता और व्यवहार से आता है. समान नागरिक संहिता यानी यूसीसी पर बोलते हुए उन्होंने कहा कि इसे लेकर समाज में खुली चर्चा और समझ विकसित करने की जरूरत है. उन्होंने संकेत दिया कि जब समाज इसके महत्व को समझेगा, तभी इसे प्रभावी तरीके से लागू किया जा सकेगा. आरएसएस प्रमुख ने जाति आधारित राजनीति पर भी टिप्पणी की. उन्होंने कहा कि राजनीतिक दल तभी तक जाति की राजनीति करेंगे, जब तक समाज खुद जातिगत पहचान के आधार पर सोचता रहेगा. अगर लोग बराबरी और सामाजिक समरसता को अपनाएंगे तो राजनीति भी बदलने लगेगी. भागवत ने कहा कि भारत की परंपरा हमेशा समाज को जोड़ने की रही है. उन्होंने समाज से अपील की कि लोग आपसी भेदभाव और संकीर्ण सोच से बाहर निकलें. उनके अनुसार सामाजिक समरसता और राष्ट्रीय एकता तभी मजबूत होगी.

# पुड्डुचेरी रिसॉर्ट में रखे गए अन्नाद्रमुक विधायक

**पुड्डुचेरी, 7 मई (वार्ता) अन्नाद्रमुक ने अपने विधायकों की खरीद-फरोख्त की आशंका को देखते हुए उन्हें पुड्डुचेरी में पूर्णनकुप्पम में स्थित एक लक्ज़री रिसॉर्ट में रखा है.**

- **विजय के मुख्यमंत्री बनने में हो रही देरी**

नए चुने गए विधायकों को एक जगह इकट्ठा करने का यह कदम तब उठाया गया है जब कांग्रेस ने तमिलनाडु में फिल्म अभिनेता से नेता बने विजय की तमिलागा वेट्ट्री कषगम (टीवीके) के साथ हाथ मिला लिया है. टीवीके 23 अप्रैल को हुए तमिलनाडु विधानसभा चुनावों में सबसे बड़ी पार्टी बनकर उभरी थी, जिसने 108 सीटें जीती थीं, लेकिन बहुमत से 11 सीटें पीछे रह गई थी, जिसके कारण विजय के मुख्यमंत्री बनने में देरी हुई. ऐसी भी रिपोर्टें थी कि टीवीके के लिए बहुमत जुटाने के मकसद से अन्नाद्रमुक के कुछ विधायकों को लुभाने की कोशिशें चल रही हैं.

# गांवों के विकास के बिना देश विकास नहीं

## राजस्थान के सीएम भजनलाल ने बम्बोरी गांव का किया पैदल भ्रमण



**प्रतापगढ़, 7 मई.** राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा है कि गांवों के विकास के बिना देश और प्रदेश का समग्र विकास संभव नहीं है. शर्मा ने गुरुवार सुबह प्रतापगढ़ के बम्बोरी गांव का पैदल भ्रमण किया और इस दौरान यह बात कही.उन्होंने कहा कि जब तक गांवों के बीच जाकर लोगों से संवाद नहीं किया जाएगा, तब तक उनकी समस्याओं को पूर्ण रूप से समझा नहीं जा सकता और गांवों के विकास से ही विकसित राजस्थान का सपना साकार होगा.

> उन्होंने कहा कि ग्राम विकास चौपाल और ग्राम विकास रथ विकसित राजस्थान के संकल्प को साकार करने की दिशा में की गई महत्वपूर्ण पहल हैं. शर्मा ने घर-घर जाकर ग्रामीणों से आत्मीयता से मुलाकात की. मुख्यमंत्री ने गांव भ्रमण के दौरान बुजुर्गों से आशीर्वाद लिया और उनके स्वास्थ्य, पेंशन एवं वरिष्ठ नागरिक तीर्थ यात्रा योजना के संबंध में जानकारी ली .वहीं, जब बच्चों ने मुख्यमंत्री को अपना होमवर्क दिखाया और पढ़ाई के बारे में बात की, तो उन्होंने बच्चों को दुलार करते हुए उन्हें चॉकलेट भी दी .उन्होंने महिलाओं से संवाद करते हुए अधिकाधिक संख्या में राजस्थान ग्रामीण आजीविका विकास परिषद (राजीविका) से जु?ने का आह्वान किया .मुख्यमंत्री ने गांव में भ्रमण के बाद ग्रामीणों के साथ चाय पर चर्चा की.

# रिश्वत मामले में सीजीएसटी अधिकारी गिरफ्तार



**नयी दिल्ली, 7 मई.** केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) ने गुरुवार को उत्तर प्रदेश के मेरठ में केंद्रीय वस्तु एवं सेवा कर (सीजीएसटी) के एक अधीक्षक और उनके कार्यालय में कार्यरत एक कंप्यूटर ऑपरेटर को रिश्वत के मामले में गिरफ्तार किया.

झसीबीआई ने बुधवार को सीजीएसटी कार्यालय के कंप्यूटर ऑपरेटर यश शर्मा के खिलाफ मामला दर्ज किया था. आरोप है कि उसने शिकायतकर्ता को जारी किए गए कारण बताओ नोटिस को वापस लेने के बदले में मेरठ के सीजीएसटी अधीक्षक संजय मीणा की ओर से 6,000 रुपये की रिश्वत की मांग की थी. शिकायत पर कार्रवाई करते हुए सीबीआई ने जाल बिछाया और कंप्यूटर ऑपरेटर को सीजीएसटी अधीक्षक की ओर से रिश्वत स्वीकार करते हुए रंगे हाथों पकड़ लिया. सीबीआई ने सीजीएसटी अधीक्षक और कंप्यूटर ऑपरेटर दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है.

# अखिलेश ने चुनावों पर उठाए सवाल

**कोलकाता, 7 मई.** कोलकाता में हुई राजनीतिक मुलाकात के बाद समाजवादी पार्टी प्रमुखअखिलेश यादव ने पश्चिम बंगाल की चुनावी राजनीति को लेकर बड़ा बयान दिया है. ममता से मुलाकात के बाद मीडिया से बातचीत में अखिलेश यादव ने कहा कि बंगाल में लोगों ने 'दबाव' के बीच वोट डाला और वहां की सच्चाई अब छिपी नहीं रह सकती. अखिलेश के इस बयान को बंगाल में हुए चुनावों और मतदान प्रक्रिया पर गंभीर टिप्पणी माना जा रहा है. उन्होंने कहा कि लोकतंत्र में जनता सब देखती है और समय आने पर हर बात सामने आती है.

# आर्ट ऑफ लिविंग के कार्यक्रम में जुड़ेंगे मोदी

**बेंगलुरु/ कर्नाटक, 7 मई. आर्ट ऑफ लिविंग के 45 वर्ष पूरे होने के अवसर पर बेंगलुरु में 10 मई से 26 मई तक विशेष कार्यक्रमों की श्रृंखला आयोजित की जाएगी. इस दौरान आध्यात्मिक सत्र, सांस्कृतिक कार्यक्रम, ध्यान शिविर और सामाजिक सेवा से जुड़े अभियान चलाए जाएंगे. आयोजन को लेकर तैयारियां अंतिम चरण में पहुंच चुकी हैं.**



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 10 मई को आर्ट ऑफ लिविंग इंटरनेशनल सेंटर पहुंचेंगे. यहां वे स्थापना दिवस समारोह को संबोधित करेंगे और संस्था को शुभकामनाएं देंगे. प्रधानमंत्री 'ध्यान मंदिर' नामक विशाल मेडिटेशन हॉल का उद्घाटन भी करेंगे. इसे ध्यान और मानसिक शांति के लिए आधुनिक सुविधाओं से तैयार किया गया है. कार्यक्रम में मानसिक स्वास्थ्य, ग्रामीण विकास, पर्यावरण संरक्षण और सामाजिक परिवर्तन से जुड़ी कई नई राष्ट्रव्यापी पहलों की शुरुआत की जाएगी. आयोजकों का कहना है कि इन अभियानों का उद्देश्य समाज के हर वर्ग तक सकारात्मक बदलाव पहुंचाना है. संस्था के संस्थापक रविशंकर 13 मई को अपना 70वां जन्मदिवस भी मनाएंगे. इस अवसर पर विशेष ध्यान सत्र, वैश्विक शांति संदेश और सांस्कृतिक प्रस्तुतियां आयोजित होंगी. दुनिया भर से आध्यात्मिक गुरु, सामाजिक कार्यकर्ता, शिक्षाविद और विभिन्न क्षेत्रों की प्रमुख हस्तियां कार्यक्रम में शामिल होंगी.

# आज गुरुग्राम में सद्भावना यात्रा करेंगे राहुल गांधी



**नई दिल्ली, 7 मई. कांग्रेस नेता और लोकसभा में नेता विपक्ष राहुल गांधी आज पूर्व सांसद बृजेंद्र सिंह की 'सद्भावना यात्रा' में शामिल होंगे. गांधी के यात्रा में शामिल होने की आधिकारिक घोषणा करते हुए सिंह ने कहा कि यह उनके लिए हर्ष का विषय है कि कांग्रेस नेता गुरुग्राम-बादशाहपुर में आयोजित सद्भावना यात्रा में शिरकत कर भाईचारे और सद्भाव की कांग्रेस मुहिम को मजबूती देने आ रहे हैं.**

उन्होंने कहा कि सभी कांग्रेसजन, पार्टी नेता और सद्भाव यात्री गुरुग्राम में आयोजित इस कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए आमंत्रित हैं. गौरतलब है कि गांधी की भारत जोड़ो यात्रा की तर्ज पर सिंह हरियाणा में 'सद्भावना यात्रा' कर रहे हैं, जिसमें प्रदेश के कांग्रेस नेता और कार्यकर्ता बड़ी संख्या में भाग ले रहे हैं.

## आज का इतिहास

- **1794-** ऑक्सीजन और हाइड्रोजन गैस की पहचान करन.वाले वैज्ञानिक एंटोनियो लेवाइजर का निधन
- **1828-** मानव सेवा के कार्यों के लिए पहले नोबेल शांति पुरस्कार से सम्मानित हेनरी ड्यूनेन्ट का जन्म.
- **1886-** अमेरिकी फार्मासिस्ट जान.एस. पैंबरटन ने कोका कोला का विकास किया और उस समय इसे एक टॉनिक बताया गया.
- **1929-** भारत की प्रसिद्ध ठुमरी गायिका गिरिजा देवी का जन्म.
- **1933-** महात्मा गांधी ने ब्रिटिश शासन की नीतियों के खिलाफ 21 दिन का उपवास शुरू किया.



# भगवंत मान और बिट्टू पर हो सकते हैं हमले

## जालंधर में धमकी भरे ई-मेल से हड़कंप

**जालंधर, 7 मई.** पंजाब के जालंधर में गुरुवार को उस समय सुरक्षा एजेंसियों में हड़कंप मच गया जब एक धमकी भरे ईमेल में मुख्यमंत्री भगवंत मान की चल रही शुक्राना यात्रा के दौरान आत्मघाती कार बम (आईईडी) हमले की चेतावनी दी गई। ईमेल में केंद्रीय राज्य मंत्री रवनीत सिंह बिट्टू का नाम भी निशाने पर बताया गया है। इस धमकी के बाद जालंधर समेत पूरे पंजाब में सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी गई है।

### जालंधर के कई स्कूलों को धमकी भरे ई-मेल

ईमेल में जालंधर, अमृतसर, आदमपुर और फतेहगढ़ साहिब सहित कई शहरों का उल्लेख किया गया, जिससे पुलिस और खुफिया एजेंसियां सतर्क हो गईं। इस घटनाक्रम के बाद जालंधर के कई शिक्षण संस्थानों को एहतियातन खाली कराया गया. इनमें बीएसएफ मुख्यालय परिसर में स्थित बीएसएफ स्कूल भी शामिल है, जहां दो दिन पहले ही कम तीव्रता का धमाका हुआ था। स्कूल प्रिंसिपल रंजना डोगरा ने कहा कि प्रबंधन के निर्देश पर छात्रों को जल्दी छुट्टी दी गई, हालांकि स्कूल को किसी सीधे खतरे की जानकारी नहीं दी गई थी। इसके अलावा एपीजे स्कूल समेत शहर के पांच से छह स्कूलों को भी बम की धमकी वाले ईमेल मिले। ईमेल में दावा किया गया कि स्कूलों में दोपहर 1-11 बजे और कॉलेजों में 2-11 बजे धमाके किए जाएंगे.

> जालंधर की एडीसीपी आकरशी जैन ने बताया कि सभी प्रभावित स्कूलों में पुलिस टीमें भेजी गई है और सघन तलाशी अभियान चलाया गया. अब तक किसी भी परिसर से कोई संदिग्ध वस्तु या विस्फोटक बरामद नहीं हुआ है। धमकी का समय इसलिए भी गंभीर माना जा रहा है क्योंकि मुख्यमंत्री भगवंत मान इस समय जालंधर में अपने जनसंपर्क कार्यक्रम शुक्राना यात्रा पर हैं।

# दिल्ली पुलिस स्पेशल सेल की संगठित अपराध पर कार्रवाई

**नई दिल्ली, 7 मई.** दिल्ली पुलिस के स्पेशल सेल ने संगठित अपराध के विरुद्ध एक बड़ा अभियान चलाया है और इसके अंतर्गत शहजाद भट्टी गिरोह के नौ सदस्यों सहित कुल 481 लोगों को गिरफ्तार किया गया है.

स्पेशल सेल के अतिरिक्त आयुक्त पी.एस. कुशवाहा ने गुरुवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि अभियान के दौरान दिल्ली पुलिस ने पाकिस्तान स्थित अपराधी-आतंकवादी नेटवर्क, शहजाद भट्टी गिरोह से जुड़े नौ सदस्यों को गिरफ्तार किया। इनमें से पांच को कथित तौर पर सुपारी लेकर हत्या करने का काम सौंपा गया था और वे पुलिसकर्मियों पर हमले की योजना बना रहे थे। उन्होंने बताया कि यह अभियान पिछले 48 घंटों में सभी जिला इकाइयों और स्पेशल सेल की टीमों की

### 481 गिरफ्तार

भागीदारी के साथ चलाया गया। दिल्ली, उत्तर प्रदेश, राजस्थान, हरियाणा और मध्य प्रदेश में 1,014 स्थानों पर 1,000 से अधिक पुलिसकर्मियों ने छापेमारी की इस कार्रवाई के तहत पुलिस ने 481 लोगों को गिरफ्तार किया और 130 पिस्तौल, 214 कारतूस, 99 लाख रुपये नकद जब्त किये।

# यूपी बनेगा फल उत्पादन और निर्यात का बड़ा हब

## लखनऊ में 'फ्रूट होराइज़न 2026' में शिवराज सिंह चौहान ने की सहभागिता



**लखनऊ/ नई दिल्ली, 7 मई.** लखनऊ के आईसीएआर-केंद्रीय उपोष्ण बागवानी संस्थान में आयोजित 'फ्रूट होराइज़न 2026' में केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण तथा ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने साफ कहा कि अब केवल ज्यादा उत्पादन से बात नहीं बनेगी, बल्कि भारत को वैश्विक फल बाजार में मजबूत पहचान दिलाने के लिए गुणवत्ता, शेल्फ लाइफ, प्रसंस्करण, लॉजिस्टिक्स और निर्यात मानकों पर गंभीरता से काम करना होगा.


उन्होंने जोर दिया कि खेती को खेत तक सीमित नहीं रखा जा सकता; अब उत्पादन से लेकर प्रोसेसिंग, बाजार और निर्यात तक पूरी वैल्यू चेन को मजबूत करना समय की मांग है. इस महत्वपूर्ण आयोजन में किसानों के साथ ही फल उत्पादन तथा निर्यात सहित इसके कारोबार से जुड़े सभी हितधारकों के साथ सीधा संवाद करते हुए केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि भारत अगर दुनिया के फल बाजार में आगे बढ़ना चाहता है, तो फलों की गुणवत्ता सुधारना सबसे जरूरी है. उन्होंने स्पष्ट किया कि शेल्फ लाइफ बढ़ाने, निर्यात के दौरान गुणवत्ता बनाए रखने और अंतरराष्ट्रीय मानकों के अनुरूप उत्पादन करने पर अब विशेष ध्यान देना होगा कार्यक्रम में केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान की अध्यक्षता में यह निर्णय लिया गया कि आईसीएआर के वैज्ञानिक संस्थान, निर्यातक, एपीडा और अन्य संबंधित एजेंसियां मिलकर एक टास्क फोर्स बनाएंगी. यह टास्क फोर्स उत्पादकों और निर्यातकों की समस्याओं का समाधान करने तथा एक प्रभावी और समयबद्ध एक्शन प्लान तैयार करने का काम करेगी, ताकि किसानों की आय बढ़ाने की दिशा में ठोस कदम उठाए जा सकें.



# ऑपरेशन सिंदूर भारत का सशक्त प्रतीक

**नई दिल्ली 07 मई .** ऑपरेशन सिंदूर' की पहली वर्षगांठ पर देश के रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह समेत कई नेताओं ने सेना के साहस को सलाम किया. इस पावन मौके सभी नेताओं ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर ऑपरेशन सिंदूर को भारत का सशक्त प्रतीक बताया .

### हर चुनौती से निपटने को तैयार हैं हमारे जवान-राजनाथ



रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने 'ऑपरेशन सिंदूर' की वर्षगांठ पर भारतीय सशस्त्र बलों के शौर्य को याद किया है। उन्होंने कहा कि सेना के साहस और समर्पण ने देश की सुरक्षा को मजबूत बनाए रखा है. 'ऑपरेशन सिंदूर' राष्ट्रीय संकल्प और तत्परता का एक सशक्त प्रतीक है. रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने गुरुवार को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर लिखा,ऑपरेशन सिंदूर' की वर्षगांठ पर हम अपने सशस्त्र बलों की वीरता को सलाम करते हैं, जिनका साहस और समर्पण राष्ट्र की सुरक्षा सुनिश्चित करता आ रहा है. इस ऑपरेशन के दौरान भारतीय सेनाओं ने अद्वितीय सटीकता, बेहतरीन समन्वय और तीनों सेनाओं के बीच गहरी तालमेल का प्रदर्शन किया, जिसने आधुनिक सैन्य अभियानों के लिए एक नया मानक स्थापित किया. उन्होंने आगे लिखा, ऑपरेशन सिंदूर' राष्ट्रीय संकल्प और तत्परता का एक सशक्त प्रतीक है. यह दर्शाता है कि जब भी देश के लिए सबसे महत्वपूर्ण घड़ी आती है, तो हमारे सशस्त्र बल निर्णायक कार्रवाई करने के लिए सदैव तत्पर रहते हैं. रक्षा मंत्री ने कहा कि यह अभियान भारत के 'आत्मनिर्भरता' की दिशा में लगातार बढ़ते कदमों का भी प्रमाण है, जिसके माध्यम से हम अपनी क्षमताओं को बढ़ाते हुए अपनी सहनशक्ति और दृढ़ता को भी सुदृढ़ कर रहे हैं.

### त्वरित, सटीक, निर्णायक कार्रवाई : सीतारमण



केंद्रीय वित्त एवं कारपोरेट मामलों के मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर ने त्वरित, सटीक और निर्णायक कार्रवाई के साथ भारत की सुरक्षा नीति में एक नया अध्याय जोड़ा है. श्रीमती सीतारमण ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में कहा कि ऑपरेशन सिंदूर ने हमारे सशस्त्र बलों के साहस, राजनीतिक संकल्प की दृढ़ता और आतंकवाद के प्रति शून्य सहिष्णुता की राष्ट्रव्यापी प्रतिबद्धता को प्रदर्शित किया .गौरतलब है कि पिछले वर्ष अप्रैल में जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में आतंकवादी हमले में 26 निर्दोष हिंदुओं की हत्या के बाद भारत ने आज ही के दिन पाकिस्तान में आतंकवाद दी ठिकानों पर नपा-तुला हमला किया था .उसके बाद पाकिस्तान की सेनाओं के अंधाधुंध हमले के खिलाफ भारतीय वायु सेवा ने कार्रवाई करते हुए पाकिस्तान की वायु रक्षा प्रणाली को पंगु बना दिया था और उसके कई सैनिक ठिकानों को बर्बाद कर दिया था और 10 में को पाकिस्तान की ओर से युद्ध विराम के अनुरोध पर कार्रवाई रोक दी थी.

# रियल एस्टेट धोखाधड़ी पर ईडी की कार्रवाई

## 150 करोड़ रुपये का घोटाला पकड़ा गया

**नयी दिल्ली, 7 मई.** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने गुरुवार को दो रियल एस्टेट समूहों के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए तलाशी और जब्ती अभियान चलाया. यह कार्रवाई 'चेंज ऑफ लैंड यूज' (सीएलयू) की फर्जी मंजूरी लेने और जमीन मालिकों व ग्राहकों के साथ धोखाधड़ी करने के मामले में की गई है।

ईडी ने आरोप लगाया कि 'सनटेक सिटी' (इंडियन कोऑपरेटिव हाउसिंग बिल्डिंग सोसाइटी) के सुरेश कुमार बजाज और अजय सहगल ने 15 भू-स्वामियों की 30.5 एकड़ जमीन के लिए फर्जी सहमति पत्र तैयार किए। इन पत्रों पर कथित तौर पर जाली हस्ताक्षर और अंगूठे के निशान लगाकर 'सनटेक सिटी' नामक मेगा प्रोजेक्ट के लिए सीएलयू अनुमति प्राप्त की गई थी। इन्हीं जाली दस्तावेजों के आधार पर सोसाइटी को सीएलयू की मंजूरी मिल गई, जिसके बाद उन्होंने बिना कोई 'सेल डीड' निष्पादित किए सदस्यों का पंजीकरण कर 150 करोड़ रुपये से अधिक की राशि वसूल ली। ईडी ने बताया कि यह मामला पंजाब पुलिस द्वारा मोहाली के मुल्लांपुर पुलिस स्टेशन में दर्ज की गई प्राथमिकी के आधार पर धन शोधन रोकथाम अधिनियम के तहत दर्ज किया गया है।

> एजेंसी ने आरोप लगाया कि अजय सहगल ने उसी फर्जी सीएलयू का उपयोग करके 'ला कैनेला' (आवासीय) और 'डिस्ट्रिक्ट 7' (व्यावसायिक) जैसी परियोजनाएं विकसित कीं। इन परियोजनाओं की सभी इकाइयां बेची गईं, जिससे 'अपराध की कमाई' अर्जित की गई। छापेमारी के दौरान ईडी ने दो बिचौलियों, नितिन गोहल और प्रितपाल सिंह ढींडसा को भी जांच के दायरे में लिया, जो कथित तौर पर राजनीतिक संरक्षण प्रदान कर रहे थे। तलाशी के दौरान कुछ चौंकाने वाली घटनाएं भी सामने आईं। एक घटना में कथित तौर पर एक बालकनी से 21 लाख रुपये नकद फेंके गए, जिन्हें बाद में ईडी अधिकारियों ने बरामद कर लिया। मामले की जांच अभी जारी है।